# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, हरियाणा सरकार के अधीन स्वायत्त संगठन)

# Board of School Education Haryana

(An autonomous organization under the Ministry of Education, Govt. of Haryana)


प्रेषक

सचिव
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड
भिवानी।

प्रेषित,

हरियाणा प्रदेश के सभी राजकीय/गैर–राजकीय विद्यालयों के सभी प्रधानाचार्य/मुखिया।

क्रमांक :– 151 /शैक्षिक/ए–7 दिनांकः–12.05.2025

विषय : एनसीईआरटी द्वारा (SWAYAM) पर 16 अप्रैल 2025 से 15 सितम्बर 2025 तक ग्याहरवीं एवं बारहवीं कक्षा के लिए पाठ्यक्रम।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा ऑनलाईन पाठ्यक्रम के माध्यम विद्यार्थियों/शिक्षकों/अभिभावकों तक शिक्षा को सुलभ पहुँचाने हेतु SWAYAM (Study Web of Active Learning for Young Aspiring minds) पोर्टल तैयार किया गया है। एन.सी.ई.आर.टी स्वंय पोर्टल एवं मोबाईल एप के माध्यम से कक्षा ग्याहरवीं एवं बारहवीं के विभिन्न विषयों के लिए दिनांक 16.04.2025 से दिनांक 15.09.2025 तक 28 आनलाईन पाठ्यक्रम पेश कर रहा है। जिसकी नामांकन तिथि 16 अप्रैल, 2025 से 01 सितम्बर, 2025 है। उक्त पाठ्यक्रम 01 मई, 2025 से प्रारंभ होना है, जिसमें शिक्षक व अभिभावक भी भाग ले सकते है।

इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए आप कृपया डॉ. एंजल रत्नाबाई, सह आचार्य और कार्यक्रम समन्वयक, सीआईईटी–एनसीईआरटी से angel.rathnabai@ciet.nic.in पर सपंर्क कर सकते है। शिक्षार्थियों की सहायता के लिए, हेल्पडेस्क मेल आई डी -moocs.helpdest@ciet.nic.in और इंटरेक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (IVRS) नंबर 8800440559 प्रसारित किया जा सकता है।

अतः आपसे निवेदन है कि आप एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए पोर्टल एवं मोबाईल के माध्यम से प्रदेश के छात्रों/शिक्षकों/ अभिभावकों को ऑनलाईन शिक्षा/ज्ञान अर्जित करने हेतु प्रेरित करें।

12/05/25

सहायक सचिव (शैक्षिक)
कृतेः सचिव.